छात्राओं को साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

लखनऊ। नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज में बुधवार को साइबर सुरक्षा और जागरूकता अभियान के तहत राजनीति विज्ञान विभाग ने स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की। इसके माध्यम से छात्राएं साइबर डाटा की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों से अवगत हुईं। प्रतियोगिता में निशी अवस्थी, जाह्नवी, अंशिका विश्वकर्मा, अंजली वर्मा, सामिया शाकिर सभी, पूजा कनौजिया, प्रांजलि गौतम, स्नेह दीक्षित समेत कई छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डॉ. वंदना उप्रेती, डॉ. सुमन मिश्रा, डॉ. रजिया परवीन, डॉ. इंदु कनौजिया, डॉ. दिव्या पाल समेत कई शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। (माई सिटी रिपोर्टर)

Scanned by TapScanner